## एक नजर में

### दिगंबर जैन समाज ने स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया




इंदौर. दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन, इंदौर रीजन, दिगंबर जैन समाज (सामाजिक संसद), इंदौर एवं महावीर ट्रस्ट, मध्य प्रदेश के संयुक्त तत्वाधान में 79 वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में महावीर कीर्ति स्तंभ, रीगल चौराहा, इंदौर पर आजादी महोत्सव जोर शोर एवं पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के प्रचार प्रमुख सतीश जैन एवं रीजन अध्यक्ष प्रदीप चौधरी ने बताया कि बड़ी संख्या में राष्ट्र प्रेमियों की उपस्थिति में पुष्पा कासलीवाल, सर्वश्री आर.के.जैन रानेका, राजकुमार पाटोदी, मनोहर झांझरी एवं अमित कासलीवाल द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गयाद्य सर्वश्री बाहुबली पांड्या, राकेश जैन विनायका, एम. के. जैन, विमल अजमेरा, कमलेश कासलीवाल, सुशील पांड्या, वितुल अजमेरा आदि ने राष्ट्र प्रेम से ओत प्रोत संबोधन दिए. और देश की आजादी में शहीद हुए जैन समाज के वीर सपूतों को याद किया। सामूहिक राष्ट्र गान के के पश्चात मिठाइयों का वितरण किया गया. प्रारंभ में मंगलाचरण मंजु अजमेरा, मीना झांझरी एवं नीना चौधरी ने किया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजेंद्र सोनी, आशीष जैन सुतवाला, मुकेश बाकलीवाल, अतुल गोइल, हेंसल पहाड़िया, कमल अग्रवाल, सतीश जैन, डॉ सुशीला सालगिया, रितेश जैन, नरेंद्र जैन, अजय जैन, जे के जैन, प्रदीप जैन, शरद कटारिया भूपेन्द्र जैन, संजय अहिंसा, डी के जैन, डॉ राजमल पाटोदी, नमिष जैन, प्रिंस पाल टोंग्या, जितेंद्र भलावत आदि बहुत अधिक संख्या में समाजजन उपस्थित थे. संचालन अध्यक्ष प्रदीप चौधरी ने किया. आभार प्रदर्शन की रीजन सचिव संजय पापड़ीवाल व कोषाध्यक्ष अतुल गोइल ने माना.

### बीजे विहार एक्सटेंशन में स्वतंत्रता दिवस मनाया



इंदौर. बीजे विहार एक्सटेंशन रहवासी संघ के तत्वाधान में स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया. कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान और देशभक्ति गीतों के साथ हुई, जिसमें कॉलोनी की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया. इस अवसर पर सफाई कर्मियों का पुष्पमालाओं, सम्मान पत्रों और उपहारों के साथ स्वागत किया गया. बच्चों ने आतिशबाजी कर और लड्डू बांटकर आज़ादी के इस पावन पर्व का आनंद लिया। समारोह में संस्था अध्यक्ष मुकेश कचोलिया ने कहा कि देश हमसे है... और हम देश से हैं हमारी कॉलोनी भी भारत का एक छोटा स्वरूप ही है हमें इसकी भी सुरक्षा, सफाई, एकता और आपस में भाईचारे को बनाए रखना हम सभी का कर्तव्य है. इस अवसर पर संस्था के सचिव सीए कृष्णा गर्ग, कोषाध्यक्ष सीए सुनील बेताला, केडी अग्रवाल, अशोक गुप्ता, निखिल झलानी, अंशुल अग्रवाल, रजत शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे.

### स्वतंत्रता दिवस समारोह में अग्रवाल का सम्मान



इंदौर. स्वतंत्रता के 79वें दिवस पर नगर निगम प्रांगण में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में शहर के उद्योगपति एवं समाजसेवी हरि अग्रवाल को महापौर पुष्यमित्र भार्गव, निगमायुक्त शिवम वर्मा एवं महापौर परिषद के अन्य सदस्यों ने दुपट्टा एवं पुष्प गुच्छ भेंटकर उनकी गत 40 वर्षों की सामाजिक सेवाओं के लिए सम्मानित किया. महापौर प्रतिनिधि भारत पारेख एवं भावेश दवे ने बताया कि अग्रवाल अखंड धाम आश्रम प्रबंध समिति के अध्यक्ष, श्रद्धा सुमन सेवा समिति के अध्यक्ष, इस्कान मंदिर की रथयात्रा समिति के प्रभारी तथा केन्द्रीय सांई सेवा समिति के संस्थापक सहित अनेक धार्मिक-सामाजिक एवं औद्योगिक संस्थाओं से भी जुड़े रहे हैं. उनके सेवाकार्यों के लिए उन्हें वर्ष 2001 में राजीव गांधी शिरोमणि अवार्ड तथा तीन बार गोल्डन बुक में भी विश्व कीर्तिमान के लिए सम्मानित किया जा चुका है. वर्ल्ड बुक आफ रिकार्डस सहित अन्य सम्मान भी उनके खाते में दर्ज रहे हैं. इस अवसर पर समाजसेवी एवं अग्रवाल समाज के पूर्व अध्यक्ष किशोर गोयल का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य मनीष मामा, निरंजनसिंह चौहान गुड्डू, नंदकिशोर पहाड़िया एवं अन्य सम्मानित सदस्य भी उपस्थित थे.

### बालिका छात्रावास में मनाया सांसद डॉ. पाटीदार का जन्मदिन



इंदौर. सरपंच रवि पाटीदार ने बताया कि देश के सर्वोच्च सदन राज्यसभा की सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश महामंत्री डॉ. कविता पाटीदार के जन्मदिन के अवसर पर स्वर्गीय भेरूलाल पाटीदार मंडल महूगांव द्वारा नेता जी सुभाषचन्द्र बॉस बालिका छात्रावास डोंगरगांव नयामहू में धूमधाम से मनाया गया. इस अवसर पर छात्रावास प्रभारी की उपस्थिति में छात्राओं को कॉपी पेन बिस्कुट मिठाई का वितरण किया गया व छात्रावास परिसर में वृक्षारोपण कर आम के पौधे लगाए गए. इस अवसर पर प्रमुख रूप से महू विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि मोहनसिंह रघुवंशी, मंडल अध्यक्ष मुकेश पाटीदार, ग्राम गवली पलासिया सरपंच रवि श्रीराम पाटीदार, कमल पाटीदार, महुगांव नगर पंचायत में सांसद प्रतिनिधि विजय कवीश्वर, किशोर चौधरी, शांतिलाल पाटीदार, राम पाटीदार सचिन पाटीदार, बूथ अध्यक्ष गजेंद्र पाटीदार, पंच भगवान यादव, रवि पटेल उपस्थित थे.

### रोटरी क्लब ऑफ महू कैंट का शपथ विधि समारोह




इंदौर. स्वतंत्रता दिवस के दिन रोटरी क्लब का महू कैंट के शपथ विधि का आयोजन निकुंज होटल में किया गया. इस आयोजन में मुख्य अतिथि के तौर पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 2025 - 26 रोटेरियन सुशील मल्होत्रा, शपथ अधिकारी के तौर पर इमीडिएट पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अनीश मलिक और विशेष अतिथि के तौर पर डीजीयाना न्यूज चैनल के डायरेक्टर सुखदेव सिंह गुमान, वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डॉ तेजस मेहता, आर्य महासभा के प्रकाश आर्य, राधेश्याम बियानी, राधेश्याम यादव, रामलाल प्रजापति, बाल महोत्सव समिति के अध्यक्ष सुरेश खंडेलवाल, कमलेश मिश्रा, जनपद पंचायत अध्यक्ष सरदार मालवीय, मृणाल पंत, महू बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भारत सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष मुकेश जरिया, एडवोकेट संजय शर्मा मामा, वरिष्ठ पत्रकार विजय खंडेलवाल, शैलेंद्र शुक्ला, रमेश जैन राही, शिल्पी शुक्ला, डॉ अनुपम श्रीवास्तव, भारत के विख्यात इन्फ्लूएंसर वेदांत सर एवं कार्तिक सर के साथ महू शहर के गणमान्य नागरिकों के साथ शिरकत की. रोटेरियन डॉ .राजेश पाटीदार ने मुख्य अतिथि डीजी सुशील मल्होत्रा, रोटेरियन हिमांशु तिवारी ने रोटरी शपथ अधिकारी अनीश मलिक और रोटरी इमेज चेयर सुखदेव सिंह जी गुम्मन का परिचय प्रस्तुत किया. महू कैंट के सदस्य महू जनपद अध्यक्ष रोटेरियन सरदार मालवीय, मुकेश शर्मा, अंकित सोनी, विपुल चतुर्वेदी, मुकेश खंडेलवाल, राकेश कनोजिया, कन्हैया चौहान, देवेंद्र बॉथम, अनूप बॉथम एवं फुरकान कुरैशी ने अतिथियों का मोतियों की माला, पुष्पमाला व तिरंगा पट्टिका से स्वागत किया. शपथ अधिकारी अनीश मलिक ने रोटेरियन डॉ. राजेश पाटीदार एवं सचिव अंबर सोनी के साथ सभी नए डायरेक्टर पदाधिकारियों को शपथ दिलाई. डीजी सुशील मल्होत्रा ने अपने उद्बोधन में भगवान राम, हनुमान का उदाहरण के साथ रोटरी की ग्लोबल ग्रांट ओर सेवा के नए आयाम के साथ ही मेंबर शिप ग्रोथ के विषय में अपने विचार रखे। नवीन अध्यक्ष राजेश पाटीदार में मेरी रोटरी मेरे सपने के तहत उपस्थित सभी ने सदस्यों ओर उपस्थित जन को सरल शब्दों में रोटरी अर्थ का विवरण प्रस्तुत किया. साथ ही रोटरी के भव्य के कार्यों की योजना बताई। रोटरी क्लब महू कैंट में दो नए महिला सदस्यों डॉक्टर हेमलता पाटीदार और नेहा खत्री को डिस्ट्रिक्ट फर्स्ट लेडी रूबी मल्होत्रा एवं रोटेरियन किरण गुम्मन द्वारा नवीन सदस्यता पिन लगाई गई. आयोजन का संचालन कायद जौहर सर के द्वारा किया गया. संयोजन मुकेश शर्मा एवं विष्णु चौहान ने किया.

# 200 बरस पुराने पांच पेड़ों को निगम संरक्षित कर विकसित करेगा

## संस्था सेवा सुरभि द्वारा आयोजित पौधरोपण एवं सफाईकर्मियों के सम्मान समारोह में महापौर की घोषणा




इंदौर. महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने रविवार को सुबह डेली कालेज एरिया स्थित आयकर कालोनी में संस्था सेवा सुरभि द्वारा आयोजित पौधरोपण एवं सफाईकर्मियों के सम्मान समारोह के दौरान घोषणा की कि शहर के 5 प्राचीन और धरोहर की श्रेणी में आने वाले पेड़ों को संरक्षित कर उनका विकास भी किया जाएगा और पेड़ों के इतिहास से संबंधित सूचना पट्ट भी लगाए जाएंगे.

संस्था सेवा सुरभि ने लगातार आठवीं बार सफाई में शहर को पूरे देश में अव्वल आने पर सांसद शंकर लालवानी, जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट एवं महापौर पुष्यमित्र भार्गव, निगमायुक्त डॉ. शिवम वर्मा के आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में सफाईकर्मियों, सुश्री रेखा, रजनी, आरती, विमला, अनिता, सपना, सुनीता एवं मनीष, राजेश, किशोर, सुरेन्द्र, संदीप तथा मुकेश को सम्मानित भी किया और इस अवसर पर आयकर कालोनी में 170 पौधों का रोपण भी करवाया. इस आयोजन में मुख्य रूप से पद्मश्री जनक पलटा, समाजसेवी भरत मोदी एवं विष्णु बिंदल, अरविंद बागड़ी, डॉ. भारत शर्मा, प्रो. राजीव झालानी, पर्यावरणविद ओ.पी. जोशी, भाजपा प्रवक्ता दीपक जैन टीनू, क्षेत्र के पार्षद महेश बैसवाल, अलका सैनी, सुश्री मेघा बर्वे, रजनी भंडारी, रामेश्वर गुप्ता, गौतम कोठारी, मुरलीधर धामानी भी शामिल हुए और पौधरोपण किया. आयकर कालोनी रहवासी संघ के सचिव अमित कुमार भी इस आयोजन में क्षेत्र के रहवासियों सहित भागीदार बने. कार्यक्रम के दौरान जब महापौर का ध्यान पर्यावरणविद डॉ. ओ.पी. जोशी द्वारा रचित पुस्तक में वर्णित शहर के तीन धरोहर पेड़ों का जिक्र आया तो सांसद शंकर लालवानी ने भी दो अन्य धरोहर पेड़ों का उल्लेख किया तो महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने अपने उदबोधन में 200 वर्ष पुराने शहर के इन पांच पेड़ों, संवाद नगर स्थित वट वृक्ष, रेसीडेंसी कोठी, एमवाय परिसर, कृषि कालेज गेट और मेडिकल होस्टल के सामने स्थित वट वृक्ष को संरक्षित करने और उनके आसपास के क्षेत्र को विकसित कर वहां इन पेड़ों से संबंधित जानकारी के सूचनापट्ट लगाने की घोषणा की.

### अन्य संगठन भी प्रेरणा लें

इस अवसर पर सांसद शंकर लालवानी, जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट एवं निगमायुक्त शिवम वर्मा ने भी संस्था सेवा सुरभि द्वारा पर्यावरण के क्षेत्र में किए जा रहे सेवा कार्यों की खुले मन से प्रशंसा की और अन्य संगठनों को भी प्रेरणा लेने का आव्हान किया. महापौर भार्गव ने कहा कि इंदौर का पर्यावरण बेहतर रहे इसलिए हमें केवल पेड़ ही नहीं लगाना, बल्कि उनकी सुरक्षा भी करना है. संचालन संजय पेटल ने किया. सफाईकर्मियों के सम्मान समारोह में डॉ. दिलीप वाघेला, भोलेश्वर दुबे, कुमार सिद्धार्थ, अजीतसिंह नारंग, शिवाजी मोहिते, अनिल गोयल, मोहन अग्रवाल, पवन अग्रवाल और नेमीचंद जैन शामिल रहे. अतिथियों का स्वागत संस्था के संयोजक ओमप्रकाश नरेड़ा, मोहित सेठ, चांदमल जैन, कमल कलवानी, मुकुंद कारिया आदि ने किया.

# हथियारों की सप्लाई करने वाले दो बदमाश धराए

## दोनों आरोपियों से पुलिस कर रही पूछताछ





नव भारत न्यूज

**इंदौर.** विजयनगर पुलिस ने शहर में अवैध हथियारों की सप्लाई करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार कर पिस्टल और जिंदा कारतूस बरामद किए हैं. दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की.

यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त के निर्देश पर डीसीपी हंसराज सिंह, एडीसीपी अमरेन्द्र सिंह और एसीपी पराग सैनी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चन्द्रकांत पटेल के नेतृत्व में की गई. पुलिस को मुखबिर से मिली सूचना पर शहीद पार्क के पास खाली मैदान रिंग रोड पर दबिश दी गई. वहां मौजूद एक संदिग्ध युवक पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर दबोचा. तलाशी में उसके पास से पिस्टल और जिंदा कारतूस बरामद हुए. पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम आसिफ पिता रऊफ मिर्जा निवासी हारून कॉलोनी, खजराना बताया. आरोपी ने हथियार एक व्यक्ति से 25 हजार रुपए में खरीदने की बात स्वीकार की. पुलिस ने उसके बताए अनुसार सहदेव पिता रामसेवक केवट निवासी भूरी टेकरी, मूल निवासी करामतपुरा, ठिकरी जिला बड़वानी को भी गिरफ्तार कर लिया. जांच में सामने आया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न थानों में आपराधिक रिकार्ड दर्ज हैं. पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर उनकी गैंग और सप्लाई नेटवर्क का पता लगाने का प्रयास कर रही है. दोनों को न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई की जा रही है.

# इस्कॉन मंदिर पर मची रही नंदोत्सव की धूम

## 56 भोग समर्पित किए, प्रभुपाद के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला



इंदौर. निपानिया स्थित इस्कॉन मंदिर पर रविवार को नंदोत्सव की धूम रही। इस्कॉन के संस्थापक श्रील प्रभुपाद का जन्मोत्सव भी इस अवसर पर उनके पाद पूजन, अभिषेक एवं आरती के साथ मनाया गया. इस्कॉन इंदौर के अध्यक्ष स्वामी महामनदास प्रभु ने 56 भोग समर्पित करते हुए प्रभुपाद के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला. इस अवसर देश-विदेश एवं विभिन्न शहरों से आए संत एवं श्रद्धालुओं ने भी प्रभुपाद के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्रील प्रभुपाद ने हिप्पी विकृति को हैप्पी संस्कृति में बदला और युवाओं को नशे से छुटकारा दिलाकर हरे रामा हरे कृष्णा संकीर्तन से जोड़ा.

स्वामी महामनदास ने कहा कि विश्व के करीब 200 देशों में इस्कॉन के एक हजार से अधिक मंदिर बने हुए हैं. इनमें से अनेक मुस्लिम देश भी हैं, जहां लाखों विदेशी भक्त सनातन धर्म से जुड़कर कृष्ण भक्ति में रम चुके हैं. श्रील प्रभुपाद ने तत्कालीन समाज में व्याप्त हिप्पी विकृति को हैप्पी संस्कृति में बदलने का क्रांतिकारी काम किया है. स्वामी महामनदास ने श्रील प्रभुपाद की प्रतिमा का दुग्धाभिषेक भी किया. सुबह से मंदिर पर नंदोत्सव की धूम रही। बड़ी संख्या में भक्तों ने आकर प्रसाद का पुण्य लाभ प्राप्त किया।. समाजसेवी पी.डी. अग्रवाल, राजेश कस्तूरी, सिद्धार्थ अग्रवाल, जय काकवानी, विनोद सिंघानिया ने सभी व्यवस्थाएं संभाली. प्रारंभ में भक्त मंडल की ओर से हरि अग्रवाल, शैलेन्द्र मित्तल, अशोक गोयल आदि ने अतिथियों का स्वागत किय. कार्यक्रम में इस्कॉन इंदौर के विशाल प्रभु, श्रीनिकेतन प्रभु, अच्युत गोपाल प्रभु, मृदुलकृष्ण प्रभु, अद्विधरण प्रभु, लक्ष्मण प्रभु एवं गिरधर गोपाल प्रभु ने भी अपने विचार रखे और भगवान राधा गोविंद को समर्पित संकीर्तन की मनोहारी प्रस्तुतियां दी.

## सबसे पहले ध्यान का संदेश जिन शासन के तीर्थंकरों ने दिया : विश्वरत्न सागर



**इंदौर.** विश्व में सबसे पहले ध्यान और एकाग्रता का संदेश जिनशासन के तीर्थंकरों ने ही दिया है. अन्य सभी देवी-देवताओं की प्रतिमाओं के दर्शन करें तो सबकी मुद्राएं अलग-अलग और चंचल स्थिति में देखी जा सकती है, लेकिन जिनशासन के सभी तीर्थंकरों की प्रतिमाओं के दर्शन करेंगे तो वे सभी ध्यानस्थ अवस्था में ही नजर आती हैं. इसका स्पष्ट आशय है कि विश्व में ध्यान को सबसे पहले हमारे तीर्थंकरों ने ही प्रतिष्ठापित किया है. वैसे भी हमारी दिनचर्या में एकाग्रता, तप, संयम और अन्य सभी गतिविधियां ध्यान पर ही निर्भर है.

ये विचार हैं युवा हृदय सम्राट, जैनाचार्य विश्वरत्नसागर के, जो उन्होंने अर्बुद गिरिराज जैन श्वेताम्बर तपागच्छ उपाश्रय ट्रस्ट पीपली बाजार, जैन श्वेताम्बर मालवा महासंघ एवं नवरत्न परिवार इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में नरसिंह वाटिका स्थित नवरत्न वाटिका पर चल रहे चातुर्मासिक अनुष्ठान की धर्मसभा में परमात्मा की महत्ता, तपस्या और अन्य प्रसंगों के दौरान व्यक्त किए. आयोजन समिति की ओर से अध्यक्ष पारसमल बोहरा, संयोजक पुण्यपाल सुराना, कैलाश नाहर, ललित सी. जैन, दिलसुखराज कटारिया, मनीष सुराना, प्रीतेश ओस्तवाल, शेखर गेलड़ा एवं दीपक सुराना ने श्रावकों की अगवानी की. लाभार्थी परिवारों का बहुमान शैलेन्द्र नाहर, अंकित मारू, रीतिश आशीष जैन, चंद्रप्रकाश चौरडिया, मोनिश खूबाजी एवं ऋषभ कोचर ने किया. रविवार को धर्मसभा में दोपहर में 8 से 20 वर्ष आयु तक के किशोर बालक-बालिकाओं के लिए सरस्वती पूजा का अनूठा आयोजन हुआ, जिसमें साधु साध्वी भगवंतों ने बच्चों को अपनी स्मरण शक्ति और एकाग्रता को स्थिर रखने के लिए अनेक मंत्र प्रदान किए। बच्चों के माता-पिता भी इस अनुष्ठान में शामिल हुए। तदपश्चात शाम को श्री पार्श्व भैरव महाभक्ति का दिव्य आयोजन भी संपन्न हुआ.


## कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर
### जलयंत्रालय एवं ड्रेनेज विभाग

विज्ञप्ति क्रमांक: 50 **निविदा सूचना** दिनांक: 11.08.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| ग्रुप क्र. | 1. टेंडर क्र. 2. जारी दिनांक | कार्य का नाम | 1. कार्य की समयावधि 2. लागत | 1. निविदा प्रपत्र का मूल्य 2. ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2025_UAD_ 443695 11.08.2025 | झोन क्र. 11 वार्ड क्र. 55 के अंतर्गत मुराई मोहल्ला में टाल वाली गली से सुंदरम् चाट तक एवं श्याम बाड़ा में नवीन ड्रेनेज लाईन डालना। | 6 माह ₹35,04,656/- | ₹5,000/- ₹26,300/- | 10-09-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 11-09-2025 |
| 02 | 2025_UAD_ 443697 11.08.2025 | झोन क्र. 07 वार्ड क्र. 29 के अंतर्गत विजय नगर स्थित गली नं. 01 से 12 तक बैकलेन में ध्वस्त हो चुकी ड्रेनेज लाईन के स्थान पर एवं मुख्य मार्ग पर ड्रेनेज लाईन डालना। | 8 माह ₹98,34,756/- | ₹10,000/- ₹73,800/- | 10-09-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 11-09-2025 |
| 03 | 2025_UAD_ 443699 11.08.2025 | झोन क्र. 09 वार्ड क्र. 45 के अंतर्गत लाला का बगीचा स्थित नई ड्रेनेज लाईन डालना क्षतिग्रस्त ड्रेनेज लाईन हटाकर। | 6 माह ₹35,06,827/- | ₹5,000/- ₹26,400/- | 10-09-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 11-09-2025 |
| 04 | 2025_UAD_ 443700 11.08.2025 | झोन क्र. 02 वार्ड क्र. 67 में स्थित छत्रीपुरा थाना से बाल विनय मंदिर स्कूल तक ड्रेनेज लाईन डालना। | 6 माह ₹37,06,505/- | ₹5,000/- ₹27,800/- | 10-09-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 11-09-2025 |
| 05 | 2025_UAD_ 443701 11.08.2025 | झोन क्र. 11 वार्ड क्र. 55 के अंतर्गत साऊथ तुकोगंज में भंवरीलाल मिठाई वाला से एम.जी.रोड़ तक नवीन ड्रेनेज लाईन डालने बाबद। | 4 माह ₹19,97,553/- | ₹2,000/- ₹15,000/- | 10-09-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 11-09-2025 |
| 06 | 2025_UAD_ 443703 11.08.2025 | झोन क्र. 15 वार्ड क्र. 02 के अंतर्गत चंदुवाला रोड़ की गलियों के सामने (ब्रांच रोड़) पर ड्रेनेज लाईन डालना। | 6 माह ₹42,30,682/- | ₹5,800/- ₹31,800/- | 10-09-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 11-09-2025 |
| 07 | 2025_UAD_ 443704 11.08.2025 | झोन क्र. 20 वार्ड क्र. 08 के अंतर्गत अहिल्यापुरा म.नं. 47 से गोराकुण्ड चौराहे तक ड्रेनेज पाईप लाईन डालने बाबद। | 8 माह ₹62,59,644/- | ₹10,000/- ₹47,000/- | 10-09-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 11-09-2025 |
| 08 | 2025_UAD_ 443706 11.08.2025 | झोन क्र. 22 वार्ड क्र. 31 के अंतर्गत बाबजी नगर में शेष रही ध्वस्त लाईन के स्थान पर नवीन ड्रेनेज लाईन डालना। | 8 माह ₹67,83,461/- | ₹10,000/- ₹50,900/- | 10-09-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 11-09-2025 |
| 09 | 2025_UAD_ 443708 11.08.2025 | झोन क्र.11 वार्ड क्र. 55 के अंतर्गत उषागंज में गोविन्द मालू जी के म.नं. 2/2 होते हुए म.नं. 24/2 तक नवीन ड्रेनेज लाईन डालना। | 6 माह ₹21,59,481/- | ₹5,000/- ₹16,200/- | 10-09-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 11-09-2025 |
| 10 | 2025_UAD 443835 11.08.2025 | झोन क्र. 20 वार्ड क्र. 06 के अंतर्गत कैलाश मार्ग रोड़ एवं आसपास के स्थानों पर ड्रेनेज लाईन के पाईप डालने बाबद। | 6 माह ₹23,18,262/- | ₹5,000/- ₹17,400/- | 10-09-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 11-09-2025 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

प्रतिबंधित पॉलिथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।

कार्यपालन यंत्री
जलयंत्रालय एवं ड्रेनेज विभाग
नगर पालिक निगम, इन्दौर

## कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर
### (जनकार्य विभाग)

ई-मेल: jankarya.vibhag2023@gmail.com, फोन : 7440440233

निविदा विज्ञप्ति क्र.: 68/सिविल/25-26/ग्रुप नं-01 से ग्रुप नं-20 तक **निविदा आमंत्रण** दिनांक: 13.08.2025

केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से (MPUADD Road & Bridge SOR/NON SOR, DATE 02-08-2021 पर आधारित) ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| ग्रुप क्र. | टेंडर क्र. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा क्रय करने एवं खोलने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2025_UAD_ 444195_1 | झोन क्र. 11 वार्ड क्र. 55 के अन्तर्गत जावरा कम्पाउण्ड म.नं. 183 से म.नं. 193 तक सड़क का सिमेन्टीकरण करना। | 120 दिवस ₹14,99,960/- | ₹2,000/- ₹11,300/- | 15-09-2025 6.00 PM 17-09-2025 |
| 02 | 2025_UAD_ 444199_1 | झोन क्र. 16 वार्ड क्र. 15 के अन्तर्गत स्लम बस्ती नया बसेरा में हनुमान मंदिर के बीच शासकीय भूमि पर संस्कार भवन का निर्माण करना। | 120 दिवस ₹15,47,108/- | ₹2,000/- ₹11,700/- | 15-09-2025 6.00 PM 17-09-2025 |
| 03 | 2025_UAD_ 444200_1 | झोन क्र. 15 वार्ड क्र. 02 के अन्तर्गत लोहा गेट गली नं. 11, 12 के दोनों तरफ सड़क का सिमेन्टीकरण करना। | 120 दिवस ₹19,62,608/- | ₹2,000/- ₹14,800/- | 15-09-2025 6.00 PM 17-09-2025 |
| 04 | 2025_UAD_ 444201_1 | झोन क्र. 08 वार्ड क्र. 30 के अन्तर्गत बर्फानी धाम पानी की टंकी स्थित वार्ड कार्यालय में आवश्यक मरम्मत कार्य, टीन शेड निर्माण एवं कोटा स्टोन लगाना। (पार्षद निधि) | 120 दिवस ₹12,38,555/- | ₹2,000/- ₹9,300/- | 15-09-2025 6.00 PM 17-09-2025 |
| 05 | 2025_UAD_ 444203_1 | झोन क्र. 10 वार्ड क्र. 40 के अन्तर्गत बाबा फरीद नगर मुख्य मार्ग से म.नं. 71 तक एवं समकक्ष कच्चे मार्गों पर सीमेन्ट कांक्रीट का कार्य करना। | 120 दिवस ₹12,20,644/- | ₹2,000/- ₹9,200/- | 15-09-2025 6.00 PM 17-09-2025 |
| 06 | 2025_UAD_ 444204_1 | झोन क्र. 19 वार्ड क्र. 38 के अन्तर्गत गांधी ग्राम कॉलोनी में बंगाली समाज मंदिर से सकीना महल कमिटी हॉल तक व आस पास की अन्य आवश्यक गलियों में सीमेन्ट कांक्रीट करना। | 120 दिवस ₹14,31,544/- | ₹2,000/- ₹10,800/- | 15-09-2025 6.00 PM 17-09-2025 |
| 07 | 2025_UAD_ 444205_1 | झोन क्र. 19 वार्ड क्र. 41 के अन्तर्गत संचार नगर चौराहा परशुराम मंदिर से प्रशांत सागर मल्टी तक क्षतिग्रस्त रोड के स्थान पर नई सीमेन्ट कांक्रीट रोड का निर्माण करना। | 240 दिवस ₹71,15,637/- | ₹10,000/- ₹53,400/- | 15-09-2025 6.00 PM 17-09-2025 |
| 08 | 2025_UAD_ 444206_1 | झोन क्र. 17 वार्ड क्र. 18 के अन्तर्गत शिवकंठ नगर में भारत तोल कांटे के सामने से एम्पल पेपर होते हुये राजेश इटोलिया के घर तक एवं आड़ी गलियों में सीमेन्ट कांक्रीट रोड का निर्माण करना। | 240 दिवस ₹54,56,349/- | ₹10,000/- ₹41,000/- | 15-09-2025 6.00 PM 17-09-2025 |
| 09 | 2025_UAD_ 444207_1 | झोन क्र. 19 वार्ड क्र. 41 के अन्तर्गत देवपुरी में अम्बाराम के घर से टेगोर स्कूल तक एवं आसपास की गलियों में रोड का सिमेन्टीकरण करना। | 180 दिवस ₹30,11,971/- | ₹5,000/- ₹22,600/- | 15-09-2025 6.00 PM 17-09-2025 |
| 10 | 2025_UAD_ 444208_1 | झोन क्र. 10 वार्ड क्र. 43 के अन्तर्गत कालिंदी पार्क कॉलोनी में स्ट्रार्म वॉटर लाईन डालना। | 180 दिवस ₹23,06,500/- | ₹5,000/- ₹17,300/- | 15-09-2025 6.00 PM 17-09-2025 |
| 11 | 2025_UAD_ 444209_1 | झोन क्र. 19 वार्ड क्र. 38 के अन्तर्गत बड़ला मेन रोड पर गोसिया मस्जिद से गोया रोड तक क्षतिग्रस्त सड़क पर पुन: सिमेन्टीकरण करना। | 180 दिवस ₹41,07,470/- | ₹5,000/- ₹30,900/- | 15-09-2025 6.00 PM 17-09-2025 |
| 12 | 2025_UAD_ 444210_1 | झोन क्र. 17 वार्ड क्र. 18 के अन्तर्गत शिवकंठ नगर में गली नं. 05, 06 (फूल सिंह परिहार) की गली एवं गली नं. 07 08 में सीमेन्ट कांक्रीट रोड का निर्माण करना। | 240 दिवस ₹63,16,169/- | ₹10,000/- ₹47,400/- | 15-09-2025 6.00 PM 17-09-2025 |
| 13 | 2025_UAD_ 444214_1 | झोन क्र. 15 वार्ड क्र. 72 के अन्तर्गत महापौर निधि से अन्नपूर्णा रोड, स्थित महावर नगर में श्रीराम मंदिर के आस पास कम्पाउण्ड वॉल का निर्माण, पेव्हर ब्लॉक लगाना एवं अन्य आवश्यक कार्य करना। | 180 दिवस ₹37,08,588/- | ₹5,000/- ₹27,900/- | 15-09-2025 6.00 PM 17-09-2025 |
| 14 | 2025_UAD_ 444215_1 | झोन क्र. 15 वार्ड क्र. 02 के अन्तर्गत आमवाला रोड गली नं. 01, 02 एवं 06, 07 की सड़क का सिमेन्टीकरण करना। | 180 दिवस ₹32,95,340/- | ₹5,000/- ₹24,800/- | 15-09-2025 6.00 PM 17-09-2025 |
| 15 | 2025_UAD_ 444217_1 | झोन क्र. 11 वार्ड क्र. 55 के अन्तर्गत जावरा कम्पाउण्ड में म.नं. 95 से म.नं. 68 होते हुये म.नं. 121 तक सड़क का सीमेन्ट कांक्रीट करना। | 180 दिवस ₹36,13,742/- | ₹5,000/- ₹27,200/- | 15-09-2025 6.00 PM 17-09-2025 |
| 16 | 2025_UAD_ 444220_1 | झोन क्र. 08 वार्ड क्र. 30 के अन्तर्गत अनुराग नगर में गार्डन के आस पास पेव्हर ब्लॉक लगाना एवं रिफिक्सिंग का कार्य करना। (पार्षद निधि) | 180 दिवस ₹20,69,553/- | ₹5,000/- ₹15,600/- | 15-09-2025 6.00 PM 17-09-2025 |
| 17 | 2025_UAD_ 444228_1 | झोन क्र. 16 वार्ड क्र. 15 के अन्तर्गत गांधी नगर में गणेश मार्ग श्रीराम चौराहा पर स्थित बहुउद्देशीय भवन में शेष रहे सिविल कार्य करना। | 180 दिवस ₹32,03,065/- | ₹5,000/- ₹24,100/- | 15-09-2025 6.00 PM 17-09-2025 |
| 18 | 2025_UAD_ 444230_1 | झोन क्र. 10 वार्ड क्र. 40 के अन्तर्गत कॉलेज कॉलोनी एवं समकक्ष कच्चे मार्गों का सीमेन्ट कांक्रीट का कार्य करना। | 180 दिवस ₹35,85,129/- | ₹5,000/- ₹26,900/- | 15-09-2025 6.00 PM 17-09-2025 |
| 19 | 2025_UAD_ 444231_1 | झोन क्र. 22 वार्ड क्र. 36 के अन्तर्गत सम्पूर्ण दीप पैलेस कॉलोनी में रोड का सिमेन्टीकरण करना। | 240 दिवस ₹51,03,426/- | ₹10,000/- ₹38,300/- | 15-09-2025 6.00 PM 17-09-2025 |
| 20 | 2025_UAD_ 444232_1 | झोन क्र. 19 वार्ड क्र. 53 के अन्तर्गत आजाद नगर में मुर्गी केन्द्र अलमारी वालों के कारखाने से मदीना नगर गेट से कब्रिस्तान काली पुलिया तक मुख्य मार्ग का सीमेन्ट कांक्रीट का कार्य करना। | 240 दिवस ₹1,45,05,410/- | ₹12,500/- ₹72,600/- | 15-09-2025 6.00 PM 17-09-2025 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

प्रतिबंधित पॉलिथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।

अधीक्षण यंत्री
(जनकार्य विभाग)
नगर पालिक निगम, इन्दौर